# उद्योग के लिए विदेशी कंपनियां इच्छुक : नंदी

**लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता।** कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने कहा कि यदि उद्योग आगे बढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। केंद्र एवं राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ाने के लिए तत्पर है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भयमुक्त प्रदेश है। उद्योग अब सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण में कार्य कर रहे है। उत्तर प्रदेश में नये उद्योग स्थापित करने एवं निवेश करने के लिए बहुत सारी विदेशी कंपनियां इच्छुक हैं।

वह शनिवार को गोमतीनगर स्थित आईआईए भवन में तीन दिवसीय इंडिया सोलर एवं ई-व्हीकल में ई-व्हीकल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं उद्योग से संबंधित समस्याओं से भली भांति अवगत हूं। मैं हर संभव सहयोग का प्रयास करूंगा।



तीन दिवसीय इंडिया सोलर एवं ई-व्हीकल सेगमेंट का गोमतीनगर के आईआईए भवन में शनिवार को उद्घाटन करते हुए कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी।

**सोलर से उद्योगों को जोड़ने के लिए करना होगा काम :** कार्यक्रम में प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता ने कहा कि सोलर के बढ़ते उपयोग से बिजली की बचत हो रही है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोलर इस्तेमाल होने लगा है। सरकारी निगमों में भी सोलर उपयोग होने लगा है। आगे कैसे उद्योगों को इस सुविधा से जोड़ सकते है, जोकि प्रधानमंत्री का भी उद्देश्य है। इस पर हमें मिलकर कार्य करना है। ई-व्हीकल भी अभी अच्छे विकल्प के रूप में सामने आया है और हमारा प्रयास है कि कैसे कम खर्च में तकनीक से हम प्रदेश को बढ़ा सकते हैं। आईआईए अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण और देशहित में अधिक से अधिक सोलर का प्रयोग किया जाये। कार्यक्रम में सिडबी प्रबंध निदेशक मनीष सिन्हा, सोलर, ई-व्हीकल समिति के चेयरमैन तारिक हसन नकवी, सोलर एवं ई-व्हीकल एक्सपो के संयोजक अवधेश अग्रवाल आदि थे।